Hindi: Tiedote 24.3.2020
Ravintolat sulkeutuvat asiakkailta, ruokaa voi kuitenkin tilata ja noutaa

प्रेस विज्ञप्ति 24 मार्च 2020

ग्राहकों के लिए रेस्तरां बंद किए गए, टेकअवे ऑर्डर की इजाज़त है

मौजूदा तौर पर फिनलैंड में COVID-19 कोरोनावायरस फैलने की वजह से देश में आपातकाल की स्थिति है, और वायरस को फैलने से रोकने के लिए, जितनी जल्दी हो सके, रेस्तरां, कैफ़े और लाइसेंस-प्राप्त परिसर ग्राहकों के लिए बंद कर दिए जाएंगे। 24 मार्च 2020 को, सरकार ने इस मामले से जुड़ा एक सरकारी प्रस्ताव संसद में पेश किया, जिससे इस मामले पर तुरंत चर्चा की जाएगी। इन कदमों का उद्देश्य आबादी की रक्षा और समाज के कामकाज की सुरक्षा करना है। ये प्रतिबंध 31 मई 2020 तक लागू रहेंगे।
हालाँकि, ग्राहकों द्वारा ले जाने के लिए भोजन की बिक्री जारी रहेगी। स्वयं ग्राहकों को या फूड कूरियर को रेस्तरां से तैयार भोजन लेने की इजाज़त है, या रेस्तरां सीधे अपने ग्राहकों को खाना डिलिवर कर सकते हैं।

ग्राहकों के लिए रेस्तरां बंद करने का आदेश उन रेस्तरां पर लागू नहीं होगा जहाँ आम लोग नहीं जा सकते, जैसे कर्मचारी कैंटीन या शिक्षण संस्थानों में छात्र कैंटीन।

जितनी जल्दी हो सके, आर्थिक मामले एवं रोज़गार मंत्रालय व्यवसायों और नागरिकों के लिए रेस्तरां बंद करने के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करेगा।

व्यवसायों के लिए सहायता उपलब्ध है

वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे उद्यमियों को पहले उनके अपने बैंक और अन्य वित्तीय सहायता प्रदाताओं से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। कोरोनावायरस की वजह से उत्पन्न हुई असाधारण स्थिति के कारण, बैंक ऋण चुकौती अवकाश और पुनर्भुगतान पुनर्निर्धारण जैसे इंतज़ामों के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदम कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बैंकों को बेहतर सुविधाओं से लैस बनाते हैं। कंपनियाँ Business Finland (बिज़नेस फिनलैंड) से सहायता के लिए आवेदन कर सकती हैं, जिसने कोरोनावायरस महामारी के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए 19 मार्च 2020 को दो नई वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई थीं। ये सेवाएं फिनलैंड में काम कर रहे उन SMEs और मध्यम दर्जे की कंपनियों के लिए हैं जिनका कारोबार कोरोनावायरस की स्थिति से पीड़ित है।

ये वित्तीय सेवाएं पर्यटन और सहायक पर्यटन सेवाओं के साथ-साथ रचनात्मक और प्रदर्शन करने वाले उद्योगों तथा उन सभी क्षेत्रों के लिए भी हैं जहाँ उप-अनुबंधात्मक श्रृंखलाएं प्रभावित होती हैं।

इस पूँजी का उद्देश्य उन कंपनियों द्वारा आपातकालीन स्थितियों में कारोबार केनए मौके ढूँढकर उन पर काम शुरू करना है।

इसके अलावा, COVID-19 फैलने की वजह से वित्तीय संकट का सामना कर रहे रेस्तरां उद्यमियों की सहायता करने के लिए ELY सेंटर्स तैयार किए गए हैं। इसलिए कोरोनावायरस केप्रभावों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए ELY सेंटर्स केव्यवसाय विकास प्रोजेक्ट्स विशेष रूप से सेवा

क्षेत्र में SMEs की सहायता करने पर केंद्रित हैं।
Talousapu (तलूसपु) वित्तीय सहायता सेवा वित्तीय और भुगतान-संबंधी मुश्किलों का सामना कर रही कपंनियों को सलाह देती है। इस सेवा का टेलीफ़ोन नंबर +358 2950 24880 (काम करने के

दिन 9.00-16.00 बजे) है।

Business Finland (बिज़नेस फिनलैंड) की ओर से व्यवसायों केलिए उपलब्ध सहायता केबारे में अधरट्क जानकारी
https://www.businessfinland.fi/en/for-finnish-customers/coronavirus/

ELY सेंटर्स की ओर से वट्यवसायों के लिए उपलबट्ध सहायता के बारे में अधरट्क जानकारी (फर्निश
में) http://www.ely-keskus.fi/web/ely/uutiset-2020/-/asset_publisher/zLV23p6BEOJa/content/pk-yritysten-kehittamisavustuksiin-50-miljoonaa-euroa-koronavirustilanteen-haittojen-torjumiseksi

उदट्यमियों के लिए Talousapu (तलूसपु) हेलट्पलाइन
https://www.suomi.fi/services/phoneservice/enterprise-finland-talousapu-counselling-service-centre-for-economic-development-transport-and-the-environment/1e2d4b82-36d7-4fa8-bdd6-4c5b46afc6bb

वट्यवसाय पूजीकरण के सांबांध में परट्शट्न और उतट्तर https://tem.fi/en/questions-and-answers-regarding-the-coronavirus-and-business-financing

कोरोनावायरस और कामकाजी जीवन के सांबांध में परट्शट्न और उतट्तर https://tem.fi/kysymyksia-ja-vastauksia-koronasta-ja-tyoelamasta

पूछताछ:
ली।ा हुहताला, वरिषट्ठ मांतरट्री सलाहकार, आरट्थक मामले एवां रो।गार मांतरट्ालय, टेली. +358 29 504 7062
एंटी नीमला, महानिदेशक, आरट्थक मामले एवां रो।गार मांतरट्ालय, टेली. +358 29 504 7039

आवास एवं खानपान संचालन अधिनियम के अस्थायी संशोधन पर अधिनियम के लिए संसद में सरकार का प्रस्ताव(फिनिश में)